**भारत सरकार की जल जीवन मिशन के क्रियान्वयन हेतु जनपद–शाहजहाँपुर में गठित जिला पेयजल एंव स्वच्छता मिशन (DWSM) समिति की दिनांक 11.08.2026 को आयोजित बैठक की कार्यवृत**

प्रमुख सचिव उत्तर प्रदेश शासन नमामि गंगे जलपूर्ति अनुभाग–1 के शासनादेश संख्या 95/छियत्तर–1–2020–20 स्वजल/2010 टी0सी0ए0–अ0 लखनऊ दिनांक 21.01.2020 के द्वारा पेयजल एंव स्वच्छता मिशन जल शक्ति मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा जल जीवन मिशन के अंतर्गत निर्गत दिशा निर्देशो के अनुरूप जिला पेयजल एंव स्वच्छता मिशन के संगठनात्मक स्वरूप को और सुदृढ़ बनाने तथा ग्रामीण पेयजल कार्यक्रमों के प्रभावी कियान्वन तथा मूल्याकंन तथा उनके अनुश्रवण हेतु जनपद स्तर पर गठित जिला पेयजल एंव स्वच्छता मिशन समिति की बैठक दिनांक 11.08.2026 को विकास भवन सभागार, शाहजहॉपुर में आयोजित की गयी है। जिसमें जिलाधिकारी महोदय, शाहजहाँपुर (अध्यक्ष), मुख्य विकास अधिकारी, शाहजहाँपुर (उपाध्यक्ष), जिला विकास अधिकारी, शाहजहाँपुर, परियोजना निदेशक, जिला ग्राम्य विकास अभिकरण, शाहजहाँपुर, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी शाहजहाँपुर, अधिशासी अभियन्ता (वि0/या0) उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), मुरादाबाद, अधिशासी अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), शाहजहाँपुर, तथा समस्त सहायक अभियन्ता एवं जूनियर इंजीनियर खण्ड कार्यालय जल निगम (ग्रामीण), शाहजहाँपुर, सहायक महाप्रबन्ध मै0 एन0सी0सी0 लि0 शाहजहाँपुर, तथा टी0पी0आई0ए0 (मै0 बी0एल0जी0 कन्स्ट्रक्शन प्राईवेट लिमिटेड) तथा डी0पी0एम0यू0 (मै0 मेधज टेक्नो प्राइवेट लि0) के स्टाफ द्वारा प्रतिभाग किया गया।

जल जीवन मिशन के अन्तर्गत अध्यक्ष जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति एवं जिलाधिकारी महोदय की अध्यक्षता में जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन की बैठक दिनांक 11.08.2026 को विकास भवन सभागार में सम्पन्न हुई, जिसमें सचिव जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति, अधिशासी अभियन्ता, जल निगम (ग्रामीण), शाहजहाँपुर द्वारा पोर्टल पर जल जीवन मिशन कार्यों की प्रगति से अवगत कराते हुए जल जीवन मिशन के अंतर्गत जनपद शाहजहांपुर में संचालित कार्यों की भौतिक एवं वित्तीय प्रगति, संचालन एवं अनुरक्षण, जल गुणवत्ता, शिकायत निस्तारण, योजनाओ पर चोरी सम्बन्धी घटनाए तथा स्थायित्व संबंधी बिंदुओं पर चर्चा की गई।

**बैठक मे निम्न बिंदुओ पर चर्चा की गई तथा दिशानिर्देश दिये गयेः–**

1. जनपद में ट्यूबवेल, ओवरहेड टैंक (OHT), वितरण प्रणाली, एफ.एच.टी.सी. (क्रियाशील गृहसंयोजन), सोलर पैनल, क्लोरीनेशन एवं SCADA कार्यों की प्रगति की समीक्षा की गई, जिसमे पाया गया कि 867 नग ट्यूबवेल क लक्ष्य के सापेक्ष 867 नग बोरिंग कर दिये गये हैं तथा 866 नग विकसित कर दिये गये है, 867 नग पम्प हाउस का लक्ष्य के सापेक्ष 859 नग पम्प हाउस के कार्य पूर्ण कर लिया गया है, 830 नग सोलर पैनल अधिष्ठापन करने के सापेक्ष 825 नग सोलर पैनल अधिष्ठापित कर दिये गये है, 9291 कि0मी0 वितरण प्रणाली के लक्ष्य के सापेक्ष 9177 कि0मी0 वितरण प्रणाली

का कार्य पूर्ण कर लिया गया है, 7198 कि0मी0 सडक पुर्नस्थापना के कार्य के सापेक्ष 7123 कि0मी0 सडक पुर्नस्थापित करा दी गई है, 449287 नग कियाशील गृहसंयोजन के लक्ष्य के सापेक्ष 447548 नग कियाशील गृहसंयोजन प्रदान किये जा चुके है, 2028 नग राजस्व ग्राम लक्ष्य के सापेक्ष 1706 नग राजस्व ग्रामो मे पेजयल की निरन्तर जलापूर्ति की जा रही है, 865 नग पाइप पेयजल योजना के हर घर जल प्रमाणीकरण के लक्ष्य के सापेक्ष 315 पाइप पेयजल योजनाओ का हर घर जल प्रमाणीकरण किया जा चुका है, तथा 865 नग पाइप पेयजल योजनाओ के लक्ष्य के सापेक्ष 200 पाइप पेयजल योजनाऐ संचालन एवं अनुरक्षण मद मे प्रवेश कर चुकी है। कई ग्रामों में नियमित पेयजल आपूर्ति प्रारम्भ हो चुकी है तथा शेष कार्य प्रगति पर हैं। जिलाधिकारी महोदय द्वारा निर्देशित किया गया कि अवशेष समस्त लंबित शिरोपरि जलाशय (OHT) के कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र पूर्ण कराया जाए तथा समस्त योजनाओं का समयबद्ध कमीशनिंग सुनिश्चित कर नियमित जलापूर्ति प्रारम्भ की जाए।

2. बैठक में अधिशासी अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), द्वारा जल सारथी ऐप के बारें में संक्षिप्त जानकारी दी गई, तथा इसके उपयोग के बारें में अवगत कराया गया। जिसपर जिलाधिकारी महोदय ने समस्त जिला स्तरीय अधिकारियों एवं खण्ड विकास अधिकारियों को जल सारथी ऐप डाउनलोड करने तथा अधिक से अधिक ग्रामीणों को इससे जोड़ने के निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि जल सारथी ऐप पर प्रत्येक राजस्व ग्राम में जल जीवन मिशन के अंतर्गत कराए गए कार्यों का पूर्ण विवरण उपलब्ध है तथा इसके माध्यम से ग्रामीण अपनी शिकायत ऐप पर दर्ज कर सकते हैं। दर्ज शिकायत सीधे सम्बन्धित विभागीय अधिकारी तक पहुँचेगी, जिसे सम्बन्धित अधिकारी द्वारा पोर्टल के माध्यम से समयबद्ध रूप से निस्तारित किया जाना अनिवार्य होगा, जिससे शिकायत निस्तारण प्रणाली प्रभावी होगी।

3. जिलाधिकारी महोदय ने मुख्य विकास अधिकारी एवं समस्त खण्ड विकास अधिकारियों को निर्देशित किया कि अगस्त माह में अपने–अपने ब्लॉक में कम से कम 1 पूर्ण पाइप पेयजल योजना का जल अर्पण समारोह आयोजित कर उसमें प्रतिभाग करें। साथ ही उन्होंने स्वयं भी 1 योजना का जल अर्पण समारोह में प्रतिभाग करने हेतु योजना चयनित करने के निर्देश दिए। साथ ही यह भी निर्देशित किया गया कि जिन योजनाओं के समस्त कार्य पूर्ण हो गये है, वहाँ जनप्रतिनिधियों, ग्राम प्रधानों एवं स्थानीय नागरिकों की सहभागिता के साथ जल अर्पण कार्यक्रम आयोजित किए जाएँ।

4. अधिशासी अभियंता, जल निगम (ग्रामीण) द्वारा अवगत कराया गया कि वर्तमान में पाइप पेयजल योजनाओं में केबिल चोरी, इन्वर्टर एवं बैटरी चोरी तथा सोलर पैनल चोरी की घटनाओं में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है, तथापि सम्बन्धित थानाध्यक्ष द्वारा इन प्रकरणों में रुचिपूर्वक कार्यवाही नहीं की जा रही है। इस पर जिलाधिकारी महोदय द्वारा निर्देशित किया गया कि इस सम्बन्ध में पुलिस

अधीक्षक महोदय को पत्र के माध्यम से अवगत कराते हुए आवश्यक एवं प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित कराई जाए।

5. बैठक में जिलाधिकारी महोदय द्वारा 200 नग अनुरक्षण एवं संचालन मद की योजनाओं की समीक्षा की गई तथा सूची खण्ड विकास अधिकारियों से साझा करने के साथ ही योजनाओ पर नियमित जलापूर्ति, क्लोरीनेशन एवं शिकायत निस्तारण सुनिश्चित करने हेतु निर्देशित किया गया।

अन्त में बैठक को सधन्यवाद समाप्त किया गया।

अधिशासी अभियन्ता
खण्ड कार्यालय,
उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण),
शाहजहाँपुर।
(सदस्य सचिव)

अधिशासी अभियन्ता
(वि0 / यां0)
अष्ठम खण्ड, उ0प्र0 जल निगम,
मुरादाबाद।
सदस्य

अधिशासी अभियन्ता
लघु सिंचाई,
शाहजहाँपुर।
सदस्य

अधिशासी अभियन्ता
वाटर रिर्सोसेस / सिंचाई
शाहजहाँपुर।
सदस्य

सूचना एवं जन सम्पर्क अधिकारी,
शाहजहाँपुर।
सदस्य

बेसिक शिक्षा अधिकारी,
शाहजहाँपुर।
सदस्य

जिला कृषि अधिकारी,
शाहजहाँपुर।
सदस्य

जिला विकास अधिकारी,
शाहजहाँपुर।
सदस्य

परियोजना निदेशक,
जिला ग्राम्य विकास अभिकरण,
शाहजहाँपुर
सदस्य

प्रभागीय बनाधिकारी स्वयं अथवा
उनके नामित सदस्य,
शाहजहाँपुर।
सदस्य

मुख्य चिकित्सा अधिकारी,
शाहजहाँपुर।
सदस्य

मुख्य विकास अधिकारी,
शाहजहाँपुर।
उपाध्यक्ष

जिलाधिकारी, (अध्यक्ष)
जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति
शाहजहाँपुर।